# Press Notes

## दो दिवसीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा दो.दिवसीय विभागीय प्रतियोगिता का आयोजन डॉ० अमलेश यादव एवं डॉ० सुमन यादव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का **शीर्षक पादप जैव विविधता संरक्षण** के अन्तर्गत भाषण एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ० जय भगवान सिंह प्राचार्य के रूप में उपस्थित रहे तथा डॉ० शिवम मौर्या एवं डॉ० बृजमोहन यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई। निबन्ध प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी लेखन प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसमें स्नातक वर्ग में बलराज सिंह कुशवाहा ने प्रथमए साधना पाल ने द्वितीय एवं शेर सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं स्नातकोत्तर वर्ग में स्वाति वर्मा प्रथम, निमिषा दीक्षित ने द्वितीय एवं अंजली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में भी छात्रों ने अपनी प्रभावशाली कला का प्रदर्शन किया जिसमें स्नातक वर्ग में मुस्कान वर्मा ने प्रथम, बलराज सिंह कुशवाहा ने द्वितीय तथा हिमांशु बाजपेयी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं स्नातकोत्तर वर्ग में अंजली ने प्रथम, स्वाति वर्मा ने द्वितीय तथा अंकिता रावत तृतीय स्थान पर रहीं। इसके उपरान्त पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें प्राचार्य प्रो० निखिलेश शरण प्राचार्य के रूप में, डॉ० दिलप्रीत कौर एवं डॉ० मन्जू यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई। स्नातक वर्ग में बलराज सिंह कुशवाहा प्रथम, इफा अनीस द्वितीय तथा मुस्कान वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। स्नातकोत्तर वर्ग में अंकिता रावत प्रथम जोहा फातिमा ने द्वितीय एवं अंजली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## पोस्टर में आद्या व पावर प्वॉइंट में अंशिका जीतीं

संवाद न्यूज एजेंसी

**हरदोई।** महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग की ओर से बुधवार को पोस्टर और पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

छात्र छात्राओं ने वाहक व पशु जनित रोगों को पोस्टर के माध्यम से दर्शाया और विभिन्न रोगों पर बनाए मॉडल को पावर प्वाइंट पर प्रस्तुतिकरण देकर समझाया।

महाविद्यालय के ज़ंतू विज्ञान विभाग की ओर से स्नातकोत्तर स्तर पर आयोजित दो दिवसीय का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. निखिलेश शरण ने किया। प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए प्राचार्य ने वाहक जनित रोगों, पशु जनित रोगों और संक्रामक रोगों के विषय में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया।

प्राचार्य ने रोगों की गंभीरता और सरकार की ओर से रोगों के उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। प्रतियोगिता में एमएससी जूलॉजी के छात्र-छात्राओं ने रचनात्मक पोस्टर और पॉवर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण दिया।



जीडीसी में जंतु विज्ञान की कार्यशाला में बोलती छात्रा जाह्नवी सिंह। संवाद

### जीडीसी में जंतु विज्ञान विभाग में पोस्टर प्रतियोगिता

प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जय भगवान सिंह, डॉ. बीएम यादव, डॉ. मंजू यादव, डॉ. सतेंद्र सिंह, डॉ. कुलदीप कुमार ने किया। पोस्टर प्रतियोगिता में आद्या सिंह प्रथम, अंशिका सिंह द्वितीय और श्रुति पांडे तृतीय स्थान पर रहीं। पॉवर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण में अंशिका सिंह प्रथम, आद्या सिंह द्वितीय और जाह्न्वी सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। श्रुति पांडे को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विभाग प्रभारी डॉ. दिलप्रीत कौर ने अभिनंदन और आभार ज्ञापित किया।

# Press Notes

## महाविद्यालय में राष्ट्रीयता के उद्देश्य से कवि कुम्भ का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना




**हरदोई।** महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आडिटोरियम में ष्भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के कृतित्व एवं उनके द्वारा रचित कविताओं के प्रति संवेदना तथा राष्ट्रीयता का भाव उत्पन्न करने के उद्देश्य से कवि कुम्भ का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 निखिलेश शरण एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ0 अभिषेक सेंगर ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ0 अभिषेक सेंगर ने विषय प्रबोधन करते हुये श्री वाजपेयी के छात्र जीवन एवं राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डाला। कवि कुम्भ में बी0एस.सी द्वितीय सेमेस्टर की अमृता सिंह ने वाजपेयी जी के समावेशी व्यक्तित्व एवं राष्ट्र के विकास में उनके योगदान का वर्णन करते हुये उनकी कविता कदम मिलाकर चलना होगाष् का वाचन किया। बी0एड0 द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा लकी तिवारी ने भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के योगदान की चर्चा करते हुये एक विस्तृत व्याख्यान दिया जिसमें जगह–जगह पर उनकी कविताओं का भावपूर्ण वाचन किया। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 सुधीर कुमार सिंह एवं डॉ0 प्रवीन कुमार वर्मा ने श्री वाजपेयी के जीवन, चरित्र एवं कृतित्व पर गम्भीर सम्बोधन दिया।




कार्यक्रम के सहसंयोजक डॉ0 बलराम सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुये सभी संकायों के छात्र.छात्राओंए प्राध्यापकों एवं प्राचार्य के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि ऐसी अवसरों पर आपकी सहभागिता ही आपका सक्रिय योदान है।


## महाविद्यालय में विज्ञान दिवस के तत्वाधान में पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



[illegible]

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन





[illegible]